सार-समाचार

राज्य जूनियर वुशू में जालोर ने तीन गोल्ड सहित आठ पदक जीते

जालोर,(कासं)। भीलवाडा में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल आठ पदक जीते।साथ ही बालिका वर्ग में इस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ वुशू खिलाडी जालोर की दिव्या सोनी को घोषित किया गया। प्राप्त जानकारी क अनुसार जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि राजस्थान वुशू संघ व भीलवाडा वुशू संघ के तत्वावधान में 4 से 6 अक्टूबर तक भीलवाडा के सुखाडिया स्टेडियम में आयोजित हुई राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में बालिकाओं के 45 किलो वजनवर्ग में दिव्या सोनी,52 किलो भारवर्ग में दिव्या गोदारा व 65 किलो भारवर्ग में हिमानी वैष्णव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं 56 किलो भारवर्ग में ईशिता चौधरी व 70 किलो भारवर्ग में वैशाली ने रजत पदक हासिल किया।इसी प्रकार 48 किलो भारवर्ग में सुनाक्षी ने कांस्य पदक हासिल किया। बालकों के 48 किलो भारवर्ग में मयंक सोलंकी व 52 किलो भारवर्ग में प्रियांशु ने कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के दौरान जिला वुशू संघ के कोच प्रितम सिंह राठौड व देवेश आर्य खिलाडियों के साथ मौजूद रहे। राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर से तकनीकी अधिकारी की भूमिका भावेश कुमार व नैना टांक ने निभाई। जालोर के वुशू खिलाडियों की इस उपलब्धि पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया,महासचिव ममता वर्मा,भारतीय वुशू कोच राजेश कुमार टेलर,जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपत सिंह आर्य,जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य, वुशू खेल के राष्ट्रीय निर्णायक ललित कुमार,राजस्थान आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, संचालक प्रशांत सिंह सहित जिले भर के वुशू खिलाडियों ने खुशी जताई।

सहकारी व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया

जालोर,(कासं) । इफको जालोर के तत्वावधान में केन्द्रीय सहकारी बैंक, जालोर में सहकारी व्यवस्थापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जालोर, सायला एवं आहोर ब्लॉक की विभिन्न सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इफको नई दिल्ली के निदेशक रामनिवास गडवाल ने इफको संस्थान तथा सहकारिता में नवाचारों एवं 'सहकारिता में सहकार, सहकार से समृद्धि' की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इफको राज्य विपणन प्रबंधक राजस्थान पृथ्वीराज सियाग ने जिले में रबी सीजन के दौरान उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला के संबंध में जानकारी दी। इफको जयपुर के डॉ. अजय प्रताप सिंह ने इफको के विभिन्न नवीन उत्पादों तथा सहकारी समितियों के व्यवसाय वर्गीकरण के लिए कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायणसिंह चारण ने सहकारी समितियों में इफको द्वारा किए जा रहे नवाचार, इफको किसान फाइनेंस के माध्यम से ऋण सुविधा एवं नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जालोर सुनील वीरभान ने उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में आ रही समस्याओं से इफको अधिकारियों को अवगत कराया। इफको किसान फाइनेंस, नई दिल्ली के अभिषेक कुमार ने किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले ऋण संबंधी सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इफको जालोर के क्षेत्रीय अधिकारी श्रेयांश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बैंक के अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी सुभाषचन्द्र, हिंगलाजदान चारण, जमना मेघवाल, नरेन्द्र कुमार, ब्लॉक निरीक्षक गेनाराम सहित विभिन्न सहकारी समितियों के व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया

रेवदर, (निसं)।विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत श्रीमती गलू बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पामेरा में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा को विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश नागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा विद्यालय परिसर से रवाना होकर गांव के महादेव मंदिर, सुथार वास, विजाणजी मोहल्ला और हनुमानजी चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भ्रमण किया।विद्यालय मीडिया प्रभारी जगदीश धारावत ने बताया कि कलश यात्रा के माध्यम से विद्यालय की बालिकाओं ने ग्रामीणों को एक भारत श्रेष्ठ भारत, शिक्षित भारत, सशक्त भारत और विकसित भारत का संदेश दिया। यात्रा के दौरान बालिकाओं द्वारा लगाए गए देशभक्ति एवं जनजागरण के नारों से गांव का वातावरण गूंज उठा।इस अवसर पर विकसित भारत का यही अभियान, जन-जन की सेवा, देश का सम्मान , एक भारत श्रेष्ठ भारत, यही हमारी पहचान सहित विभिन्न प्रेरणादायी नारे लगाए गए।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक छीनाराम, भानाराम, डायालाल ओझा, दीप सिंह भाटी, धर्मेंद्र खत्री, कुलदीप पुरोहित, जगदीश राव, गणपत सिंह राव, जगदीश धारावत सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहे। ग्रामीणों में राष्ट्रीय एकता, शिक्षा, सशक्तिकरण एवं विकसित भारत के संकल्प के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

किसानों की आय बढ़ाने पर प्रशिक्षण

जोधपुर, (का.सं.)। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर के निदेशक डॉ. एच. एस. जाट के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर द्वारा डागा ऑर्गेनिक कृषि फार्म, मथानिया में मिर्च एवं जीरे का कटाई उपरांत प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन विषय पर कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तिंवरी एवं मथानिया क्षेत्र के 112 प्रगतिशील कृषकों, एफपीओ सदस्यों एवं आदान विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. बी. एस. राठौड़ ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं कटाई उपरांत प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों द्वारा मिर्च एवं जीरे की कटाई, सुखाने, सफाई, ठोडिंग, वैज्ञानिक भंडारण, प्रसंस्करण एवं गुणवत्ता संरक्षण की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही मूल्यवर्धित उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन तथा प्रमुख कीट-रोग प्रबंधन पर किसानों को व्यावहारिक सुझाव दिए गए। कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा में किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रगतिशील कृषक श्री रतन लाल डागा के जैविक फार्म का भ्रमण कराया गया, जहां प्रतिभागियों ने जीरे की जैविक खेती की तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से जाना। अंत में प्रशिक्षणोत्तर मूल्यांकन एवं कृषकों की प्रतिक्रिया ली गई।

मोहनलाल ने कार्यों का निरीक्षण किया

सायला, (निसं) । नगर पालिका सायला क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष मोहनलाल मेघवाल ने निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी क अनुसार इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष मोहनलाल ने न्यू बस स्टैंड पर निर्माणाधीन सीसी सडक एवं टॉयलेट निर्माण कार्य, ओल्ड स्कूल व राजीव सेवा केंद्र परिसर में चल रहे चारदीवारी निर्माण कार्य तथा वीराना तिराहा पर प्रस्तावित गार्डन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदकों से निर्माण कार्य की जानकारी ली तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार पुरोहित, अधिशासी अभियंता नवोदित सिंह पुरोहित एवं कनिष्ठ अभियंता भरत पुरोहित ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करना प्राथमिकता है।

डांगराली में सेवा कलश यात्रा निकाली

रेवदर,(नि.सं.)। विकसित भारत अभियान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डांगराली में सेवा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अध्यापक बंधुओं और ग्रामीणों ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। प्राप्त जानकारी क अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण से हुई। यहां से गांव के मुख्य चौराहे तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उत्साहवर्धक नारे लगाए। कलश यात्रा के पश्चात स्थानीय विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ और स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षक अशोक, अध्यापक नगा राम चौधरी, गंगा सिंह राव, सुभाष चंद्र और अध्यापिका ललिता व कांता मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इसके साथ ही कार्यक्रम में केसर सिंह देवडा, जसवेंद्र सिंह देवडा, दलपत सिंह देवडा और रणछोड देवासी सहित कई अन्य ग्रामीण भी शामिल हुए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कलैक्टर ने बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया

बाड़मेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर चिन्मयी गोपाल ने बुधवार को जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ मोहनगढ़ स्थित बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के पंपिग स्टेशन का दौरा कर रिजर वायर स्टेशन में पानी के स्टोरेज, जलापूर्ति एवं आगामी दिनों में पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना की क्रियान्विति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर चिन्मयी गोपाल ने बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों मोहनगढ

- रॉ वाटर रिजर वायर, पंपिंग स्टेशन एवं फिल्टर प्लांट, भागू का गांव स्थित पंपिंग स्टेशन तथा कुम्हारों की ढाणी, मणिहारी स्थित एमबीआर, पंप हाउस, फ्लोमीटर आदि का विस्तार से जायजा लिया

स्थित रॉ वाटर रिजर वायर, पंपिंग स्टेशन एवं फिल्टर प्लांट, भागू का गांव स्थित पंपिंग स्टेशन तथा कुम्हारों की ढाणी, मणिहारी स्थित एमबीआर, पंप हाउस और फ्लोमीटर आदि का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान पेयजल उत्पादन, वितरण व्यवस्था और छीजत की स्थिति पर गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ जल उत्पादन बढ़ाने के लिए पहले से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलैक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम से पहले सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। ताकि बाड़मेर शहर और परियोजना पर निर्भर गांवों में पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। उन्होंने इस वर्ष बारिश की कमी के कारण पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था को मध्यनजर रखते हुए मुख्य ट्रंक पर पेयजल चोरी एवं छीजत कम करने के लिए निर्देश प्रदान किए। उन्होंने इस कार्य में पुलिस प्रशासन की ओर से यथासंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

परियोजना के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता हजारी राम बालवां, सुमेरसिंह रावत, सोनाराम बेनिवाल, परियोजना खंड मोहनगढ के अधिशाषी अभियंता पवन परिहार, अशोक मीणा उपस्थित रहे।

इस दौरान जलदाय विभाग के अधिकारियों ने इंदिरा गांधी नहर की 1356 आर.डी. पर जल संसाधन विभाग की ओर से निर्मित एस्केप रिजर्व वायर का भी निरीक्षण किया गया।

यह रिजर्व वायर अतिवृष्टि के दौरान अतिरिक्त जल संग्रहित करने के लिए तैयार किया गया है।

इसको लेकर जिला कलैक्टर ने निर्देश दिए कि इस जल को मोहनगढ लाकर नहरबंदी या जल संकट की स्थिति में उपयोग में लेने का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए। इससे परियोजना को अतिरिक्त जल स्त्रोत उपलब्ध होगा और गर्मी के दिनों में आपूर्ति की विश्वसनीयता बढेगी।

बजट घोषणा 2025-26 के तहत बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के सुदृढीकरण के लिए स्वीकृत 50 करोड़ रुपए की राशि पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला कलैक्टर ने शीघ्र प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त कर निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए। इस राशि से मोहनगढ और भागू का गांव समेत प्रमुख पंपिंग स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने तथा पूरी प्रणाली को मजबूत करने का काम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना बाड़मेर शहर सहित सैकड़ों गांवों को नहरी पेयजल उपलब्ध कराती है। यहां 50 करोड़ के सुदृढीकरण कार्यों के पूरा होने से जल उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे गर्मी के मौसम में भी नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी तथा परियोजना पर निर्भर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरवासियों को राहत मिलेगी।

जिला कलैक्टर चिन्मयी गोपाल ने पेयजल चोरी कर कृषि करने अथवा वाणिज्यिक कार्य करने वालों के खिलाफ पीडीआर एक्ट के तहत पेनल्टी वसूलने एवं संबंधित थाने में मामला दर्ज करवाने के निर्देश जलदाय विभाग के अधिकारियों को दिए।



जिला कलैक्टर चिन्मयी गोपाल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ मोहनगढ़ स्थित बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के पंपिग स्टेशन का दौरा किया। फोटो-राष्ट्रदूत

एयरफोर्स डे पर जोधपुर में दिखेगा वायुसेना का शौर्य

जोधपुर, (कासं)।जोधपुर में एयरफोर्स डे पर भारतीय वायुसेना के जांबाज हैरतअंगेज कारनामे करेंगे। वायुसेना की विश्वविख्यात सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम जोधपुर में 8 अक्टूबर को हैरतअंगेज कलाबाजियां दिखाएंगी।

जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर चल रहे तरंगशक्ति युद्धाभ्यास 2026 के अंतर्गत आठ अक्टूबर को भारतीय वायुसेना दिवस भी शानदार तरीके से मनाया जाएगा। इस मौके पर वायुसेना की सूर्यकिरण टीम के साथ सारंग हेलीकॉप्टर टीम भी ऐरोबेटिक डिस्पले करेगी। सुबह 10 बजे एयरफोर्स स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम होगा।

यह ओपन डे रखा गया है, जिसमें स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वालेंटियर, सिविल अधिकारियों और कुछ आम नागरिको को आमंत्रित किया गया है। केवल उसी व्यक्ति को वायुसेना स्टेशन में प्रवेश मिलेगा, जिसके पास वायुसेना की ओर से जारी अधिकृत पास होगा।

सूर्यकिरण टीम अपने 9 हॉक जेट से आसमान में अलग-अलग फॉर्मेशन और एरोबेटिक करतब दिखाएगी। इनके साथ ही तेजस और सुखोई भी प्रदर्शन दिखाएंगे। सूर्यकिरण टीम के पायलट अपने हॉक एमके-132 एडवांस जेट ट्रेनर विमानों के साथ जोधपुर एयरबेस से उड़ान भरेंगे। इस दौरान हवा में केवल 5 से 10 फीट की दूरी पर विमान उड़ाते हुए पायलट डायमंड फॉर्मेशन और हवा में तीर से हार्ट जैसी आकृतियां बनाएंगे। इसके अलावा जेट विमानों से निकलने वाले लाल, सफेद और केसरिया रंग के धुएं से पूरा आसमान राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंग जाएगा। सूर्यकिरण का एयर शो करीब 25 से 30 मिनट का होता है। एयर शो के दौरान कमेंट्री भी होगी।

पायलट ने राफेल की कॉकपिट से बनाया युद्धाभ्यास का वीडियो

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन में बहुराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास तरंग शक्ति 2026 पूरी लय, रफ्तार और सैन्य जज्बे के साथ जारी है। युद्धाभ्यास के पेगासे-26 मिशन में संयुक्त अरब अमीरात स्थित फ्रांसीसी सैन्य एयरबेस से राफेल लड़ाकू विमानों की एक टुकड़ी भी शामिल हुई। युद्धाभ्यास में चल रहे नाइट-ऑपरेशन्स से जोधपुर के आसमान में रात में भी लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनाई दी।

जोधपुर एयरबेस पर अलग-अलग देशों के अत्याधुनिक विमान अपनी ताकत, तकनीक और ऑपरेशनल क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें दुनिया की दिग्गज वायु सेनाओं के बीच तालमेल और साझा युद्ध क्षमता का प्रदर्शन हो रहा है। तरंग शक्ति के दौरान जोधपुर एयरबेस पर रात में भी हवाई गतिविधियां जारी हैं। तरंग शक्ति में हिस्सा ले रही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना ने सोशल मीडिया पर इस अभ्यास का काव्यात्मक पहलू साझा किया। जोधपुर एयरबेस पर नाइट-ऑपरेशन्स के दौरान अपने राफेल लड़ाकू विमान और ग्राउंड क्रू की एक आकर्षक तस्वीर पोस्ट करते हुए फ्रांसीसी वायुसेना ने लिखा- भारत की रात की खामोशी में, जेट इंजनों के आफ्टरबर्नर की भयानक गर्जना और भीषण हवाई अभ्यास शुरू होने से ठीक पहले का यह लम्हा बेहद खास और काल्पनिक सा लगता है। इस ठहरे हुए पल में ग्राउंड क्रू और पायलट एक-दूसरे के बेहतरीन तालमेल में पूरी तरह डूब जाते हैं, जो तरंग शक्ति अभ्यास को एक अलग ही भावुक और कलात्मक पहचान देता है।

- युद्धाभ्यास तरंगशक्ति 2026: फ्रांसीसी वायुसेना ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

पंचायतीराज आम चुनाव का जिला प्रशिक्षण आयोजित



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में पंचायत चुनाव को लेकर आरओ व एआरओ की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने ली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं) । ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवड़े की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी पंचायतीराज आम चुनाव के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवडे ने पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में नियुक्त निर्वाचन अधिकारियों-कार्मिकों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने सहित कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायतीराज चुनाव के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को मतदान केंद्रों पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं यथा-विद्युत, पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, मतदान केंद्र हेतु परिधि निर्धारण, निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों का मास्टर ट्रैनर्स द्वारा प्रशिक्षित करवाने की बात कहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स ने पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को पंचायतीराज आम चुनाव के संबंध में विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, नामांकन प्रपत्र, नॉमिनेशन फॉर्म चेक लिस्ट, स्क्रूटनी प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह चांदावत, एडीएम भीनमाल पूजा सक्सेना, एडीएम सांचौर प्रकाशचंद अग्रवाल, डीएमएलटी कैलाश परिहार सहित जिले के निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

पाली के विजय नाहर को बोधि सम्मान दिया

पाली, (नि.सं.)। तेरापंथ धर्मसंघ के युगप्रधान आचार्य महाश्रमण ने मंगलवार, 6 अक्टूबर को लाडनूं में आयोजित धर्मसभा में पाली के इतिहासकार एवं लेखकविजय नाहरद्वारा लिखित उनकी 41वीं पुस्तक'ज्योतिपुरुष महर्षि जयाचार्य'का लोकार्पण किया। इस अवसर परश्री भंवरलाल कर्णावट फाउंडेशनद्वारा आचार्य श्री के सान्निध्य में विजय नाहर को संदर्भ सहित शोधपरक इतिहास लेखन तथा भारत के मौलिक इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए'बोधि सम्मान'से सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन के अध्यक्षश्री लक्ष्मणसिंह कर्णावट ने कहा कि विजय नाहर इस आयु में भी भारत के मौलिक इतिहास के शोध एवं लेखन का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उनकी 40 से अधिक इतिहासपरक पुस्तकें भारतीय दृष्टिकोण से भारत के इतिहास, संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली विरासत को सामने लाने का प्रयास हैं। तेरापंथ धर्मसंघ पर लिखी गई उनकी सात पुस्तकें तेरापंथ के आचार्यों के जीवन-दर्शन एवं योगदान को प्रस्तुत करने का उल्लेखनीय प्रयास हैं। विजय नाहर की इतिहास संबंधी पुस्तकों मेंसम्राट मिहिर भोज, भोज परमार, पृथ्वीराज चौहान, अखेराज सोनगरा, सम्राट यशोवर्मन, हिंदवा सूर्य महाराणा प्रताप और वीर सिहाजी जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

चोलामंडलम बीमा कंपनी को मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपये देने के आदेश

जालोर, (कासं) । जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने एक महत्वपूर्ण फैसले में चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दुर्घटना बीमा क्लेम के मामले में परिवादी को 15 लाख रुपये अदा करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने बीमा राशि पर परिवाद दर्ज होने की तारीख से भुगतान तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी निर्देश दिए हैं।

परिवादी मोडसिंह पुत्र गणपतसिंह एवं अन्दरी कंवरपत्नी मोडसिंह निवासी किलवा सांचौर उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद पेशकर बताया कि उनके पुत्र उकसिंह ने 25 अप्रैल 2023 को स्कूटी खरीदी थी और उसी दिन वाहन का बीमा चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी से कराया गया था। बीमा पॉलिसी में वाहन मालिक व ड्राईवर का पीए कवर भी शामिल था, जिसके तहत दुर्घटना में वाहन चालक/मालिक की मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये का बीमा लाभ निर्धारित था। 24 दिसंबर 2023 को वाहन चलाते समय अचानक रास्ते में नीलगाय आ जाने से दुर्घटना हुई। हादसे में वाहन चालक उकसिंह को गंभीर चोटें लगने से उपचार के दौरान 25 दिसंबर 2023 की रात करीब 9.30 बजे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में पुलिस थाना सांचौर में मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। परिवादी मृतक के माता पिता होने से प्रथम श्रेणी के वारिस होने के आधार पर परिवादी पक्ष ने बीमा कंपनी से 15 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा राशि दिलाने की मांग की। दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बावजूद क्लेम का निस्तारण नहीं होने पर परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने सुनाए निर्णय में बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि परिवादी मोडसिंह एवं अन्दरी कंवर को संयुक्त अथवा पृथक रूप से 45 दिन के भीतर 15,00,000 रुपये की दुर्घटना क्लेम राशि अदा की जाए। इस राशि पर परिवाद दर्ज होने की तारीख से वसूली तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा आयोग ने मानसिक संताप एवं आर्थिक क्षति के लिए दस हजार रुपये तथा परिवाद व्यय के लिए दस हजार रुपये सहित कुल बीस हजार रुपये अतिरिक्त अदा करने के आदेश दिए हैं।

दुर्गावाहिनी पाली का शक्ति संचलन 11 को

पाली, (नि.सं.)। विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी पाली की ओर से 11 अक्टूबर को शक्ति संचलन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे लोढा स्कूल, पाली से आयोजित होगा। जो रामदेव रोड़ माली समाज भवन पहुचकर सम्पन्न होगा।

विहिप प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम में दुर्गावाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। आयोजन को लेकर मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका प्रियंका माली ने बताया कि पाली शहर के सामाजिक संगठन, महिला मंडल, व समाज मंडल की माताओं व बहनों की बड़ी बैठक हुई। जोधपुर प्रांत मातृशक्ति संयोजिका कुसुम थावानी, दुर्गावाहिनी प्रान्त संयोजिका विनीता तनवानी, पाली विभाग मातृशक्ति संयोजिका रेखा सोलंकी,पाली विभाग दुर्गा वाहिनी संयोजिका संतोष वैष्णव, हेमा प्रजापत, हेमलता परिहार , प्रकाश कंवर,जीनल प्रजापत, गुनगुन सैन, प्रियंका पंवार, चंचल सोनी, खुशबू सोनी,जया कुमावत,भावना सोनी आदि उपस्थित रही।

जालोर में भाजपा की सेवा ज्योति यात्रा गंदे पानी से गुजरी

जालोर, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता विकास और जनकल्याण का संदेश लेकर निकले, लेकिन सामतीपुरा रोड पर बदहाल सड़क और सीवरेज व्यवस्था की तस्वीर भी सामने आई। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद शहर की सडको पर गंदा पानी बहना आमजन में चर्चा का भी विषय बना रहा।

सामतीपुरा रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो होने से सडक पर गंदा पानी जमा हो गया था। इसी पानी के बीच से यात्रा में शामिल लोगों को आगे बढना पडा। सडक पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण कई कार्यकर्ताओं को अपना रास्ता बदलकर निकलना पडा। यात्रा के दौरान हरिदेव जोशी सर्कल के पास भी सीवरेज जाम की समस्या सामने आई। गंदे पानी और जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। सामने आए वीडियो में महिलाएं और अन्य कार्यकर्ता सडक पर जमा पानी के बीच से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। सेवा ज्योति यात्रा से पहले सुंदरलाव तालाब पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इसके बाद ज्योति प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया गया।

यात्रा सुंदरलाव तालाब से शुरू होकर पंचायत समिति, हरिदेव जोशी सर्कल और विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य बाजार स्थित वीरमदेव चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। एक ओर यात्रा के माध्यम से विकास और जनकल्याण का संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर यात्रा के मार्ग में सामने आई सीवरेज ओवरफ्लो, जलभराव और सडक के गड्ढों की तस्वीरों ने शहर की बुनियादी सुविधाओं पर सवाल खडे कर दिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवरेज और सडक की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है, ताकि आमजन को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।



सामतीपुरा रोड पर बदहाल सड़क और सीवरेज व्यवस्था सामने आई। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली सांसद पीपी चौधरी का फलोदी में स्वागत

फलोदी, निस)। क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. पी. चौधरी के फलोदी प्रवास के दौरान स्थानीय कामधेनु डिजिटल लाइब्रेरी भवन में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री फलवृद्धिका शैक्षणिक विकास समिति द्वारा किया गया, जिसमें टैक्स बार एसोसिएशन, फलोदी तथा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, फलोदी ने संयुक्त रूप से भाग लेकर सांसद महोदय का नागरिक अभिनंदन किया।

समारोह की अध्यक्षता समिति के संरक्षक राधेश्याम रंगा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पी. पी. चौधरी, फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में फलोदी नगर परिषद के उपाध्यक्ष महेंद्र सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप व्यास ने किया। स्वागत भाषण देते टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समिति के सचिव उमेश कुमार व्यास ने बताया कि टैक्स बार एसोसिएशनस के विशेष आग्रह पर सांसद पी. पी. चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि बढाने की मांग मजबूती से रखी थी। केंद्र सरकार द्वारा इस मांग को स्वीकार किए जाने से देश व क्षेत्र के करदाताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं, कर सलाहकारों और व्यापारियों को बडी राहत मिली है। इसके साथ ही एसोसिएशन ने मांग रखी कि कर प्रणाली को और सुगम बनाने के लिए टैक्स ऑडिट फाइलिंग की अंतिम तिथि प्रतिवर्ष स्थायी रूप से 31 अक्टूबर निर्धारित की जाए।

इंडस